**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2577**

**दिनांक 09 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्न**

विषय: पशुपालन द्वारा किसानों की आय बढ़ाना

2577. श्री चंदन सिंहः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के किसानों की आय बढ़ाने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन विशेषरूप से दुधारू पशुओं को पालने को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने दुधारू पशुओं विशेषकर गायों और भैंसों के लिए चारा उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर चारा घरों के निर्माण के लिए योजना बनाई है; और

(ङ) यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री**

**(डॉ. संजीव कुमार बालियान)**

(क) से (ग) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा डेयरी और पशुपालन क्षेत्र को बढ़ावा देने और उसके द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों को पूरित और संपूरित करने के संबंध में , भारत सरकार बोवाईनों, लघु रूमीनेट्स (भेड़ और बकरी), सुअर और कुक्कुट का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए उनके योजनाएं कार्यान्वित कर रही है, नामत:

(i) राष्ट्रीय गोकुल मिशन
(ii) राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम
(iii) राष्ट्रीय डेयरी योजना-I
(iv) डेयरी उद्यमशीलता विकास योजना
(v) डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि
(vi) डेयरी क्रियाकलापों में संलग्न डेयरी सहकारिताओं और किसान उत्पादक संगठनों की सहायता
(vii) राष्ट्रीय पशुधन मिशन
(viii) पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण

(घ) और (ड.) भारत सरकार 2014-15 से केंद्रीय प्रायोजित योजना “राष्ट्रीय पशुधन मिशन” के अंतर्गत आहार और चारा विकास संबंधी उप-मिशन कार्यान्वित कर रही है जिसके अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पशुपालन विभागों को निम्नलिखित घटकों के तहत आहार और चारा विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(क) गैर-वनीय आर्द्रभूमि/श्रेणीभूमि/चारागाह/ गैर-कृषि योग्य भूमि से चारा उत्पादन

(ख) वन भूमि से चारा उत्पादन

(ग) चारा बीज खरीद/उत्पादन और वितरण

(घ) हस्त चालित चॉफ कटर को शामिल करना

(ङ) विघुत चालित चॉफ कटर को शामिल करना

(च) निम्न क्षमता, ट्रैक्टर माउंटेबल चारा ब्लॉक निर्माण यूनिटों, हेबेलिंग मशीनों/रीपर्स/ फोरेज हार्वेस्टर का वितरण

(छ) साइलेज निर्माण यूनिटों की स्थापना

(ज) बाईपास प्रोटीन उत्पादन यूनिटों की स्थापना

(झ) क्षेत्र विशिष्ट खनिज मिश्रण/ आहार पेलेटिंग/ आहार उत्पादन यूनिट की स्थापना।

(ञ) आहार परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना/ आधुनिकीकरण।

*****